# राज्य शहरी आजीविका मिशन,(एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
## (राज्य नगरीय विकास अभिकरण,–सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमतीनगर विस्तार, गोमतीनगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798e-mail:nulmup@gmail.comwebsite:www.sudaup.org


पत्रांक 4797 /241/nulm/तीन/2001 दिनांक 30/10/ 2018

समस्त परियोजना अधिकारी,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0।

समस्त अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत,
उ0प्र0।

**विषय–मिजिल्सा रूबेला टीकाकरण अभियान, 2018 में विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित सहयोग एवं आवश्यक गतिविधियों के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्रांक–एसपीएमयू/एनएचएम–आरआई/एमआर/2018–19/51/6704 दिनांक 19.09.2018 (प्रति संलग्न) के माध्यम से भारत सरकार द्वारा मिजिल्सा एवं रूबेला/कान्जीनेटल रूबेला सिस्टम (ओ0आर.एस0) बीमारियों को वर्ष 2020 तक एलीमिनट करने का निर्णय लिया गया है। एम0आर0 अभियान के सफलतापूर्वक संचालन हेतु विभाग से संबंधित निम्न बिन्दु पर सहयोग आवश्यक हैः–

पत्री 30/10/2018

1. विभाग द्वारा समस्त नगरीय क्षेत्रों(नवविकसित कालोनियों सहित) को अभियान में सम्मिलित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।
2. महानगर पालिकाओं, नगर पालिकाओं एवं टाउन एरिया प्रशासन को एम0आर. अभियान संबंधी जानकारी से अवगत कराया जाये।
3. अभियान के दौरान सभी शहरी वार्डो के बच्चों के मोविलाइजेशन से सहयोग प्रदान किया जाये। अभियान के दौरान उत्सव जैसा वातावरण तैयार किया जाय।

उक्त कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

भवदीय
30.10.2018
(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

**संलग्नक–यथोक्त।**

<u>पत्रांक एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण, महानिदेशालय, उ0प्र0।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, उ0प्र0।
4. सहायक बेवमास्टर को सूडा की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

30.10.2018
(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रेषक,

मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
बेसिक शिक्षा,महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, सूचना एवं जनसम्पर्क, नगरीय विकास,गृह, खेल एवं युवा कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, श्रम एवं रोजगार, समाज कल्याण विभाग।
महाप्रबन्धक,
उत्तर रेलवे एवं उत्तर पूर्व रेलवे।
उत्तर प्रदेश।
प्रिन्सिपल डायरेक्टर,
सेन्ट्रल कमान्ड, लखनऊ।

पत्रांक– एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / आर.आई. / एम.आर. / 2018–19 / 51/6704 दिनांक 19.9.2018

विषयः मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान, 2018 में विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित सहयोग एवं आवश्यक गतिविधियों के संबंध में।

महोदय,

भारत सरकार द्वारा मिजिल्स एवं रूबेला / कान्जीनेंटल रूबेला सिन्ड्रोम (सी0आर0एस0) बीमारियों को वर्ष 2020 तक एलिमिनेट करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने मिजिल्स रूबेला वैक्सीन को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में चरणबद्ध रूप से शामिल करना तय किया है। उपरोक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रारम्भ में 09 माह से 15 वर्ष तक के समस्त बच्चों को मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान चलाकर आच्छादित किया जाना है।

मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में दिनांक 26 नवम्बर, 2018 से चलाया जाना प्रस्तावित है। उक्त अभियान 05 सप्ताह हेतु चलाया जायेगा, जिसमें प्रथम 02 सप्ताह स्कूल (सरकारी, प्राइवेट, मिशनरी, मदरसे, मान्टेन्सरी इत्यादि) आधारित, अगले 02 सप्ताह समुदाय आधारित क्षेत्रों एवं अन्तिम 01 सप्ताह छूटे हुए क्षेत्रों में बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। उक्त अभियान हेतु प्रदेश में 09 माह से 15 वर्ष के लगभग 7.64 करोड़ बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एम0आर0 अभियान के सफलतापूर्वक संचालन हेतु निम्नलिखित विभागों से अपेक्षित सहयोग भी नितान्त आवश्यक है:–

शिक्षा विभाग–

- जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी / ब्लाक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक कर अभियान संबंधी जानकारियां यथा स्कूलों की सूची तथा कक्षा 10 तक बच्चों की अनुमानित संख्या साझा की जाये तथा अभियान संबंधी जानकारी सभी स्कूलों में प्रसारित की जाये।
- अभियान के कियान्वयन हेतु सभी स्कूलों (सरकारी, गैर सरकारी, मिशन, माण्टेसरी, क्रेचेस इत्यादि) का समन्वय एवं सहयोग सुनिश्चित किया जाये।
- अभियान के समुचित प्रबन्धन हेतु कार्ययोजना बनाने में सहयोग सुनिश्चित करें एवं एम0आर0 टीकाकरण सत्र संचालन हेतु सभी स्कूलों में टीमों के बैठने एवं कार्य करने हेतु समुचित व्यवस्था प्रदान की जाये तथा स्कूल प्रबन्धन तंत्र द्वारा टीकाकरण टीमों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाये।
- शिक्षक अपने विद्यालयों में नामांकित बच्चों को प्रेरित करें कि वे अपने / आसपास के घरो में रहने वाले 09 माह से 15 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मिजिल्स रूबेला टीकाकरण कराने में सहयोग करें।
- जनपद एवं ब्लाक स्तर पर स्कूलों के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रैली, प्रभात फेरी इत्यादि के माध्यम से मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान पूर्व प्रचार–प्रसार किया जाये।

प्रोजेक्टर, / फ्लेक्स / पोस्टर, / ...

- सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों के अभिमुखीकरण हेतु जिला/ब्लाक स्तर पर बैठकें आयोजित की जायें एवं सभी अभिभावकों को टीकाकरण हेतु आमन्त्रण कार्ड वितरित किये जायें।

महिला एवं बाल विकास विभाग

- जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी/ब्लाक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक कर कार्ययोजना संबंधी सहयोग प्रदान करते हुये एम0आर0 अभियान की जानकारियां अपने विभागीय अधिकारियो/कर्मचारियों में प्रसारित की जाये।
- आंगनबाडी कार्यकत्री द्वारा क्षेत्रीय ए0एन0एम0 एवं आशा के साथ छोटे बच्चों (प्री स्कूल) की ड्यू लिस्ट एवं माइक्रोप्लान बनाने में सहयोग करते हुये अपने क्षेत्र में लक्षित बच्चों की मैपिंग सुनिश्चित की जाये।
- शहरी व अन्य क्षेत्र, जहा आशा उपलब्ध नहीं है, वहां आंगनबाडी कार्यकत्री द्वारा संबंधित ए0एन0एम0 को एम0आर0 अभियान के संचालन में सहयोग किया जाये।
- आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा लक्षित बच्चों को सत्र स्थल तक लाकर मिजिल्स रूबेला अभियान को सफल बनाया जाये।

पंचायती राज विभाग

- जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को अभियान के विषय में सूचित करते हुये प्रत्येक ब्लाक स्तर पर ग्राम प्रधानों की बैठक आहूत की जाये ताकि सभी ग्राम प्रधान अपने-अपने क्षेत्रों में मोबिलाइजेशन हेतु सहयोग प्रदान करें।
- पंचायती राज विभाग से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के प्रचार-प्रसार में यथासम्भव सहयोग दिया जाये।
- सभी संबंधित ग्रामों में आयोजित होने वाले एम0आर0 टीकाकरण सत्रों का उदघाटन प्रभावशाली पी0आर0आई0 मेम्बर द्वारा सुनिश्चित कराया जाये।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

- जिला सूचना अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला प्रतिरक्षण अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान संबंधी गतिविधियों (जिला स्तरीय मीडिया वर्कशाप, टी0वी0 एवं रेडियो शो का आयोजन, सिनेमा घरों, केबिल टी. वी., रैलियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार, माननीय गणों द्वारा सत्र उदघाटन इत्यादि) के प्रचार-प्रसार में समुचित सहयोग प्रदान किया जाये।

नगरीय विकास विभाग

- विभाग द्वारा समस्त नगरीय क्षेत्रों (नवविकसित कालोनियों सहित) को अभियान में सम्मिलित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।
- महानगर पालिकाओं, नगर पालिकाओं एवं टाउन एरिया प्रशासन को एम0आर0 अभियान संबंधी जानकारी से अवगत कराया जाये।
- अभियान के दौरान सभी शहरी वार्डो में बच्चों के मोबिलाइजेशन में सहयोग प्रदान किया जाये।अभियान के दौरान उत्सव जैसा वातावरण तैयार किया जाये।

UPsepio@gmail.com

गाजीपुर, मऊ, वाराणसी, मिर्जापुर

गृह विभाग एवं डिफेन्स

- सभी संबंधित क्षेत्रों में पुलिस सैन्य एवं अर्द्धसैन्य प्रतिष्ठानों को एम0आर0 अभियान के संबंध में जानकारी दी जाये तथा उनके आवासीय परिसरों में स्थित स्कूलों को सूचीबद्ध कर संबंधित जिला प्रतिरक्षण अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध करायी जाये।
- पुलिस लाइन पी0ए0सी0 सी0आर0पी0एफ0 सी0आई0एस0एफ0 बी0एस0एफ0 फायर ब्रिगेडस जेल डिफेन्स क्षेत्रों इत्यादि में लगने वाले टीकाकरण सत्रों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी / जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को सहयोग प्रदान किया जाये।
- स्काउटस एवं एन0सी0सी0 कैडेटस के द्वारा अभियान का प्रचार–प्रसार कराया जाये।

रेलवेज–रेलवे बोर्ड

- प्रदेश के सभी रेलवे संस्थानों को एम0आर0 अभियान संबंधी जानकारी उपलब्ध करायी जाये तथा उनके आवासीय परिसरों में स्थित स्कूलों को सूचीबद्ध कर संबंधित जिला प्रतिरक्षण अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध करायी जाये।
- सभी रेलवे अस्पतालों एवं क्लिनिकों में टीकाकरण सत्र आयोजित करने में सहयोग प्रदान किया जाये।
- रेलवे टिकट बुकिंग के लिये अपने पूर्व मौजूदा आई0वी0आर0 / टिकट प्रिन्टिंग / वेबसाइट पर मिजिल्स रूबेला टीकाकरण संबंधी संदेशों को प्रसारित किया जाये।
- रेलवे स्टेशन परिसरों पर अभियान संबंधी समस्त प्रचार–प्रसार सामग्री का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाये।

खेल एवं युवा कल्याण

- जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी / ब्लाक–शहरी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक कर कार्यक्रम संबंधी जानकारियां सभी केन्द्रों में प्रसारित की जाये।
- नेहरू युवा केन्द्र, एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों द्वारा मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के प्रचार–प्रसार, मोबिलाइजेशन में सहयोग किया जाये।
- भविष्य में होने वाली सभी खेल गतिविधियों में मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के प्रचार–प्रसार की सामग्री (होर्डिंग्स, लीफलेटस, आडियो मैसेज इत्यादि) को प्रसारित किया जाये। ✓

अल्पसंख्यक एवं जनजातीय विभाग

- सभी संबंधित मदरसों, जनजातीय एवं अल्पसंख्यक स्कूलों की सूची संबंधित जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को उपलब्ध कराते हुये विभागीय अधिकारियों को एम0आर0 अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की जाये।
- प्रमुख ईमामों, मुस्लिम संस्थानों एवं जनजातीय संस्थानों के अभिमुखीकरण हेतु बैठकें आयोजित की जायें।

श्रम एवं रोजगार

- सभी फैक्ट्रीज, भट्टों के मालिको की बैठकें मुख्य चिकित्सा अधिकारी / जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के सहयोग से सुनिश्चित की जाये।
- सभी संबंधित ई0एस0आई0 अस्पतालों द्वारा अभियान के दौरान सहयोग सुनिश्चित किया जाये।

अतएव आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने स्तर से संबंधित जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारियों को उक्त अभियान की तैयारियों एवं संचालन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करे।

भवदीय,

(अनूप चन्द्र पाण्डेय)
मुख्य सचिव।

पत्रांक–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / आर.आई. / एम.आर. / 2018–19 / 51 तद्दिनांक–

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(प्रशान्त त्रिवेदी)
प्रमुख सचिव।